दिन—मंगलवार दिनांक— 20 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि — 05 मिनट

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने उनके नाम की औपचारिक घोषणा की। कल श्री नबीन ने अपना नामांकन निर्धारित प्रारूप में विधिवत रूप से भरा था। नामांकन पत्र के सभी सैंतीस सेट वैध पाये गए। औपचारिक घोषणा के बाद श्री नितिन नबीन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की शपथ ली। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमारा नेतृत्व परंपरा से चलता है, अनुभव से समृद्ध होता है और जन सेवा, राष्ट्र सेवा भाव से संगठन आगे बढ़ता है। प्रधानमंत्री ने श्री नबीन को बधाई देते हुए पूर्व के सभी अध्यक्षों के योगदान का अभिनंदन किया। पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि श्री नबीन के युवा नेतृत्व में पार्टी नई उंचाइयां छुएगी। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे पी नड्डा तथा नितिन गडकरी ने उनका अभिनंदन किया।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान आज गोपालगंज जिले में तीन सौ सोलह करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकपर्ण किया। इन योजनाओं से सड़क, पुल—पुलिया, तटबंध, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कृषि और ग्रामीण आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने बरौली प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में लोगों से संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार हर जिले में विकास का मूलभूत ढांचा सुदृढ़ बनाने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने जिले में चलायी जा रही विभिन्न विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहें।

———————————————————

उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य में अभियान चलाकर जमीन से जुड़े विवादों को समाप्त करने का प्रयास किया

जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप सात निश्चय–तीन के तहत लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए जमीन मापी का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निष्पादन किया जा रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि इकतीस जनवरी तक भू–मापी विशेष अभियान चलाकर राज्य में सभी लंबित आवेदनों का निपटारा किया जाएगा।

———————————————————

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा है कि इस वर्ष पंचायत चुनाव पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराये जायेंगे। औरंगाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री प्रकाश ने कहा कि फर्जी मतदान को रोकने के लिए चेहरा पहचान तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम पिछले चुनाव में फर्जी मतदान की शिकायतों के बाद विश्वास बहाली के लिए उठाया गया है। श्री प्रकाश ने कहा कि इस वर्ष होने वाले पंचायत चुनाव में नया आरक्षण रोस्टर लागू होगा। साथ ही मतदान ईवीएम से कराया जाएगा।

———————————————————

सर्द पछुआ हवा की रफ्तार कम होने से प्रदेश के अधिकतर भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। इस बीच, राजधानी पटना और आस–पास के क्षेत्रों में बादल छाये हुए हैं। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। साथ ही तापमान में भी थोड़ी गिरावट दर्ज किये जाने की संभावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान आठ दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————

शिवहर जिला परिषद की बैठक में आज ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत विभिन्न कार्यों को लेकर चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने की।

———————————————————

अररिया पुलिस ने जिले के जोगबनी बाजार स्थित दो किराना दुकानों में छापेमारी कर बड़ी मात्रा में नकली पापड़ बरामद किया है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

————————————————————————

रोहतास के फजलगंज स्थित न्यू स्टेडियम में गणतंत्र दिवस परेड का पूर्वाभ्यास आज से शुरू हो गया है। पूर्वाभ्यास में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट भी शामिल हुए।

————————————————————————

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने आज अपने संसदीय क्षेत्र मुंगेर के तारापुर का दौरा किया। उन्होंने प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां तेलडीहा मंदिर में पूजा–अर्चना की।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।